दिनांकः 15 मई 2024

कैन्टीन संचालन हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना

कालीचरण पी०जी० कालेज लखनऊ शैक्षणिक सत्रः 2024–25 में कैन्टीन के संचालन हेतु कोटेशन आमन्त्रित करता है। सभी इच्छुक कोटेशनदाता अपनी फर्म का पूर्ण विवरण सहित कोटेशन सील बन्द लिफाफे में प्रत्येक कार्य दिवस में समय प्रातः 10:00 बजे से 03:00 बजे के मध्य कार्यालय में उपलब्ध करा सकेंगे। कोटेशन जमा करने की **अन्तिम तिथि 07 जून 2024** निर्धारित की गयी है। उक्त तिथि के उपरान्त् कोई भी कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कोटेशन की शर्तें निम्न प्रकार से होंगीः–

1. प्राप्त कोटेशनों के आधार पर प्रतिमाह सर्वाधिक किराया देने वाले कोटेशनदाता का चयन किया जायेगा। आधार मूल्य (Base Price) रू० 10,000/– होगा।
2. साफ–सुथरी छवि एवं पुलिस रिकार्ड में किसी भी मामले में लिप्त न होने का पाया जाना अनिवार्य शर्त होगी।
3. चयनित कैन्टीन संचालक को कार्यालय में 01 माह के किराये के बराबर सिक्योरिटी एवं एक माह का अग्रिम किराया कार्य शुरू करने से पूर्व देय होगा।
4. प्रत्येक माह का अग्रिम किराया कार्यालय में चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्रत्येक माह की 05 तारीख तक जमा करना होगा।
5. बिजली का बिल उपभोग के अनुसार अतिरिक्त रूप से देय होगा।
6. प्रथम स्थान पर चयनित पार्टी यदि शैक्षणिक सत्र के मध्य कैन्टीन का संचालन छोड़ देती है तो Second Highest कोटेशनदाता को अवसर प्रदान किया जायेगा।
7. पूर्व में महाविद्यालय में कार्य कर चुकी पार्टी को आवेदन करते समय महाविद्यालय से No Dues प्राप्त कराना अनिवार्य होगा।
8. कार्य अवधि दिनांक 01.07.2024 से 30.06.2025 तक होगी।
9. कैन्टीन संचालक किसी अन्य को Sublet नहीं कर सकेगा।
10. कैन्टीन संचालक महाविद्यालय छात्र–छात्राओं को उचित मूल्य पर एवं ताजी खाद्य–सामग्री उपलब्ध करायेगा। कैन्टीन में किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ, पान, बीड़ी, सिगरेट अथवा तम्बाकू का विक्रय नहीं कर सकेगा।
11. कैन्टीन में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे।
12. कैन्टीन में किसी भी प्रकार से आवांछनीय वातावरण नहीं बनने देंगे।
13. कैन्टीन संचालक द्वारा नियम/शर्तों का उल्लंघन करने पर महाविद्यालय के प्रबन्धक द्वारा एग्रीमेंट को रद्द करने का अधिकार होगा। ऐसी दशा में Second Highest कोटेशनदाता को अवसर दिया जा सकता है।

प्राचार्य/प्रबन्धक